संख्या: क्यू-14018/54(एम)/(एसबीएम)2014-डीडब्ल्यूएस-पार्ट-I

भारत सरकार

पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय

9वाँ तल, पर्यावरण भवन,
सीजीओ कॉम्पलैक्स,
नई दिल्ली-110003
दिनांक: 13-08-2014

विषय: ग्रामीण पेयजल एवं स्वच्छता में नवप्रवर्तनकारी प्रौद्योगिकियों पर प्रदर्शनी-सह-कार्यशाला के बारे में।

प्रिय महोदय/महोदया,

जैसा कि आपको विदित है कि इस मंत्रालय को वर्ष 2019 तक स्वच्छ भारत मिशन का लक्ष्य प्राप्त करने का अधिदेश है। ग्रामीण पेयजल आपूर्ति एवं स्वच्छता, दोनों के अंतर्गत लक्ष्यों को प्राप्त करने के उद्देश्य से यह महत्वपूर्ण है कि इन क्षेत्रों में नवीनतम और नवप्रवर्तनकारी प्रौद्योगिकियों पर ध्यान दिया जाए। इसलिए इन क्षेत्रों में प्रौद्योकियों को प्रदर्शित करने और व्यावहारिक परिस्थितियों में इन प्रौद्योकियों कि उपयोगिता पर आगे चर्चा करने के लिए इस मंत्रालय द्वारा दिनांक 26-27 अगस्त, 2014 को एक प्रदर्शनी-सह-कार्यशाला आयोजित की जा रही है। इस आयोजन की विस्तृत कार्यसूची और मिनट से मिनट कार्यक्रम आपकी सूचना एवं उपयोग के लिए संलग्न है। इस आयोजन का स्थान एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर (पालिका केंद्र के साथ), संसद मार्ग, नई दिल्ली है।

2. इसलिए आपसे अनुरोध है कि आप इस प्रदर्शनी-सह-कार्यशाला “सृजन भारती/इंडोवेशन” में अपने इंजीनियर-इन-चीफ/राज्य एनबीए समन्वयकर्ताओं के साथ भाग लें।

भवदीया,

(संध्या सिंह)
संयुक्त निदेशक (सांख्यिकी)
दूरभाष: 24364112

सेवा में,

प्रधान सिचव/सिचव-सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में ग्रामीण पेयजल एवं स्वच्छता के प्रभारी।